भोपाल, युग प्रदेश

# साहित्य मंच का आज होगा आयोजन, कई रचनाकार होंगे शामिल

**नगर प्रतिनिधि,संतनगर।** भारत सरकार की साहित्य अकादमी द्वारा आज रविवार को भोपाल में साहित्य मंच का आयोजन हलालपुरा स्थित प्लेओटल के सभाकक्ष में शाम 5 बजे से रखा गया है । इसमें सिंधी रचनाकार हर्षा मूलचंदानी, समीक्षा, राकेश शेवानी और भारती आसुदानी द्वारा रचनाएं पढ़ी जाएगी। स्वागत वक्तव्य साहित्य अकादमी परामर्श मंडल के सिंधी भाषा परामर्श मंडल के सदस्य अशोक मनवानी द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में भोपाल और संतनगर के अनेक रचनाकार भाग लेंगे । अकादमी के सिंधी परामर्श मंडल वर्तमान में इंदौर से रश्मि रामानी और भोपाल से अशोक मनवाणी शामिल हैं। वर्ष 2023 से 2027 की 5 वर्ष की अवधि के परामर्श मंडल के कार्यकाल में यह तीसरा कार्यक्रम मध्य प्रदेश में हो रहा है। साहित्य अकादमी के सिंधी भाषा संयोजक मोहन हिमथानी एवं वीना कला एवं सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश शेवानी नें कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।